# पहली इंडो-फ्रेंच वर्कशॉप में IIT इंदौर ने फ्रेंच इंस्टिट्यूट्स के साथ साइन किए एमओयू

सिटी रिपोर्टर | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (आईआईटी) इंदौर की पहली इंडो-फ्रेंच वर्कशॉप बुधवार से शुरू हुई। वर्कशॉप का मकसद फ्रैंच इंस्टिट्यूट्स और यूनिवर्सिटीज़ के साथ आईआईटी इंदौर के एक्सचेंज प्रोग्राम्स को और भी बेहतर बनाने के साथ नए इंस्टिट्यूट्स को जोड़ना भी है। इसी मकसद को पूरा करते हुए वर्कशॉप के पहले दिन आईआईटी डायरेक्टर ने फ्रांस की यूनिवर्सिटी डे स्ट्रॉसबोर्ग और इंस्टिट्यूट माइन-टेलीकॉम के साथ एमओयू साइन किए। इन दो एमओयू के साथ आईआईटी फ्रांस की पांच यूनिवर्सिटीज़ के साथ फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम चला रहा है।



Dainik Bhaskar (Indore), 30.08.2018, City Bhaskar, Page-16